कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 391 दिनांक : 24 / 01 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

''राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर कृषि महाविद्यालय में व्याख्यान

जीवन में सफलता के लिए परिश्रम के साथ सत् का मार्ग अपनाएं

ग्वालियर। कृषि महाविद्यालय ग्वालियर में अयोध्या में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक व्याख्यान ''बेहतरीन भविष्य के निर्माण का एक आधार आध्यामिकता'' विषय पर गत दिवस आयोजित किया गया। व्याख्यान में ब्रह्मकुमारी माउण्टआबू, राजस्थान की ग्वालियर शाखा से पधारी राजयोगिनी चेतना बहनजी ने कहा कि मानव जीवन के दो विशेष पहलू है, सत् और असत्। सत् अर्थात् त्याग, तपस्या, सेवा, परमार्थ और असत् अर्थात् लोभ लालसा, भौतिक सुख और मनोविनोद की भावना। मनुष्य को परमार्थ त्याग के पथ पर चलने में कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है पर यह निश्चित है कि उसे आगे चलकर सफलता प्राप्त होगी। यदि आप जीवन में सफलता का मार्ग प्राप्त करना चाहते हैं तो असत् का मार्ग न अपनाकर परिश्रम के साथ सत् का मार्ग अपनाये। यह भावना आपके भीतर दिव्य गुणों को उजागर कर, उन गुणों की रोशनी से औरों के जीवन के अंधेरों को मिटाकर नई सृष्टि व रामराज्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं व शिक्षकों राममय होकर मंत्र उपचार, भजन आदि में उत्साहित होकर भाग लिया।